आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 04.03.2026 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में रंगों का त्योहार होली पूरे उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत जिले के किमतौली–रौसाल सड़क के डामरीकरण और सुधार कार्य के लिए 12 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- भारतीय विमानन कंपनियां फंसे यात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए भारत और खाड़ी क्षेत्र के बीच आज 58 उड़ानें संचालित करेंगी।
- और...खाड़ी देशों में बढ़ते सैन्य तनाव और युद्ध जैसी स्थिति के बीच भारतीय दूतावासों ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की।

**होली**

देवभूमि उत्तराखंड में रंगों का त्योहार होली पूरे उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मंदिरों में लोग विशेष पूजा–अर्चना कर एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दे रहे हैं।

राजधानी देहरादून सहित राज्य के अन्य सभी जिलों में सुबह से ही बच्चे और युवा टोलियों में निकल गए। इस बीच कई स्थानों पर होली मिलन कार्यक्रमों को आयोजन भी किया जा रहा है। इस दौरान कुमाऊँ और गढ़वाल मंडलों में होली की अनूठी लोक परंपराएँ इस पर्व को विशेष पहचान दे रही हैं। विशेष रूप से कुमाऊँ क्षेत्र की बैठकी होली, खड़ी होली और महिला होली में लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और ढोल–दमाऊं की थाप पर होली के गीत गा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से समस्त प्रदेशवासियों को होली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

इस बीच प्रशासन की ओर से प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

**स्वीकृति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होली के अवसर पर चम्पावत जिले को बड़ी सौगात देते हुए किमतौली–रौसाल सड़क के डामरीकरण और सुधार कार्य के लिए 12 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। लगभग 20 किलोमीटर लंबी यह सड़क करीब 20 गांवों को जोड़ती है, जिससे लगभग 10 हजार की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

सड़क के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बाजार तक पहुंच आसान होगी। गौरतलब है कि इस सड़क के डामरीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के बाद मुख्यमंत्री ने इसके लिए धनराशि स्वीकृत की है।

## अमित भाह दौरा

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का आगामी 7 मार्च को हरिद्वार बैरागी कैम्प में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। जिसकी तैयारियों को परखने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अनुशासन, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सर्वोपरि है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

## नागर विमानन मंत्रालय

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के कारण फंसे यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए भारतीय विमान कंपनियों की आज 58 उड़ानें संचालित करने की योजना है। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है इनमें इंडिगो की 30 और एयर इंडिया तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस की 23 उड़ानें शामिल हैं। मौजूदा स्थिति के कारण भारतीय विमानन कंपनियों की एक हजार दो सौ 21 और विदेशी एयरलाइंस की तीन सौ 88 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। यात्रियों को हवाई अड्डे पहुंचने से पहले संबंधित विमानन कंपनी से उड़ान की ताजा स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

## एडवाइजरी जारी

खाड़ी देशों में बढ़ते सैन्य तनाव और युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए भारतीय दूतावासों ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारतीयों को सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने, स्थानीय नियमों का पालन करने और दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। साथ ही प्रदेश व जिला स्तर पर भी नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रबन्ध किये जा रहे है। इसी बीच प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों ने अपने जिलों में प्रचार पॉर्टल के माध्यम से लोगों की इन्क्वायरी कर उन्हें सुरक्षा दिलाने के निर्देश दिए है। चम्पावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया जिले से 8 लोगों की जानकारी मिली है जो इन देशों में कार्य करते है।

जिलाधिकारी ने सभी लोगों से अपील की कि वह अपने परिजनों से सम्पर्क कर उन्हें इस सम्बंध में अवगत करा सकते हैं।

**खंडन**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने उन मीडिया खबरों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया था कि प्राधिकरण ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से विमानन ईंधन के स्टॉक की जानकारी मांगी है। सोशल मीडिया पोस्ट में, प्राधिकरण ने कहा कि उसने किसी भी हवाई अड्डा संचालक से औपचारिक या अनौपचारिक रूप से ईंधन भंडार या अनुमानित ईंधन आवश्यकताओं के बारे में जानकारी देने के लिए नहीं कहा है।

**परीक्षाएं स्थगित**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई. ने युद्धग्रस्त पश्चिम एशियाई क्षेत्र में 5 और 6 मार्च को होने वाली अपनी 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। इन परीक्षाओं की संशोधित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। बोर्ड ने कहा कि 7 मार्च से आगे होने वाली परीक्षाओं के संबंध में कल तक स्थिति की समीक्षा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

**मेबाइल लौटाये**

उत्तराखंड पुलिस के ऑपरेशन रिकवरी अभियान के तहत हरिद्वार जिले की कोतवाली लक्सर पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए सीईआईआर पोर्टल की मदद से 18 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल की कीमत लगभग तीन लाख रूपये से अधिक है। सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत सुपुर्द कर दिए गए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

**मौसम**

प्रदेश में फिलहाल मौसम शुष्क बने रहने संभावना है। राज्य के किसी भी हिस्से में बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के सभी जिलों में आज मौसम साफ रहने के आसार जताया है। किसी भी प्रकार की मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है। बुधवार सुबह देहरादून सहित आसपास के क्षेत्रों में खिली धूप निकली।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि वर्तमान में कोई सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ प्रभावी नहीं है, जिसके कारण प्रदेश में मौसम स्थिर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों तक मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि पहाड़ी इलाकों में सुबह–शाम हल्की ठंड बनी रहेगी।

**खेल**

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्‍व कप का पहला सेमीफाइनल आज शाम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम 7 बजे से शुरू होगा।

दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना मुंबई में इंग्लैंड से होगा। दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद में खिताबी मुकाबला खेलेंगे।

वहीं इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप कल बर्मिंघम में शुरू हुई। पुरुष सिगंल्स के पहले दौर में, लक्ष्य सेन राउंड ऑफ़ 16 में पहुंच गए हैं।